# सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण शीघ्र हटाने के डीएम ने दिए निर्देश

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले में सरकारी और सार्वजनिक परिसंपत्तियों पर अतिक्रमण रोकने और अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन की ओर अभियान चलाया जा रहा है।
अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अब तक की गई कार्रवाई को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को सभी एसडीएम, पुलिस एवं विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सरकारी भूमि पर चिन्हित सभी अवैध अतिक्रमण नियमानुसार शीघ्र हटाए जाए।



जिलाधिकारी खुराना ने निर्देशित किया कि विभागों की सरकारी एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों के प्रबंधन की वर्तमान व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए और इसमें आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए परिसंपत्तियों के प्रबंधन एवं संरक्षण के लिए बेहतर उपाय किए जाएं। सभी विभाग अपने स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करते हुए सरकारी परिसंपत्तियों का संरक्षण करें। ताकि कोई भी नया अतिक्रमण ना हो सके।
जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि सरकारी भूमि पर चिन्हित अवैध कब्जा करने वालों को तत्काल नोटिस जारी करते हुए नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस एवं तहसील प्रशासन से अपेक्षित सहयोग लिया जा सकता है। तहसील स्तर पर सभी एसडीएम विभागों के साथ अतिक्रमण मामलों की नियमित समीक्षा करें। ऐसे मामले जिनमें शासन से मार्गनिर्देशन की आवश्यकता है उनकी सूची उपलब्ध करें। इस दौरान बताया गया कि जिले में वन पंचायत, नगर निकाय, सड़क एवं विभिन्न विभागीय परिसंपत्तियों पर से 357 अवैध अतिक्रमण को हटा लिया गया है।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा.ललित नारायण मिश्र, अपर जिलाधिकारी डा.अभिषेक त्रिपाठी, सीओ पुलिस नताशा सिंह आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस ने इंदिरा हृदयेश को किया याद

**कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री इंदिरा हृदयेश की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस भवन में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री इंदिरा हृदयेश की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ।
कांग्रेस कार्यकताओं ने इंदिरा हृदयेश के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विशेष रूप से विकास केंद्रित राजनीति तथा राज्य के विकास में उनके योगदान को याद किया। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डा. जसविन्दर सिंह गोगी ने कहा कि इंदिरा का राजनीति में पदार्पण एक शिक्षक नेत्री के रूप में हुआ था। पार्टी में वे बहुत वरिष्ठ थीं। 1974 में ही उनका निर्वाचन विधान परिषद में हो गया था और कुल चार बार वे विधान परिषद के लिए निर्वाचित हुईं।
उत्तराखंड राज्य गठन के उपरांत अंतरिम सरकार के दौरान वे राज्य की प्रथम नेता प्रतिपक्ष रहीं। 2002 में कांग्रेस सरकार बनने पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय संभालते हुए नवगठित राज्य की अवस्थापनात्मक संरचना की सुदृढ़ नींव रखी। कुल तीन बार वे उत्तराखंड विधान सभा हेतु निर्वाचित हुईं।
प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना ने कहा कि वे प्रखर वक्ता थीं, तथा संसदीय नियमों और परंपराओं की गहन जानकारी रखती थीं।
कांग्रेस कार्यकताओं के साथ साथ उत्तराखंड की समस्त महिलाओं और शिक्षकों के मन में इंदिरा हृदयेश के लिए विशेष स्थान था और आगे भी रहेगा।
इस अवसर पर मुख्य रूप से आशा मनोरमा शर्मा, डॉ अरुण रतूड़ी, अभिषेक तिवारी,राजेश पुंडीर,उर्मिला थापा,लकी राणा ,पूनम कंडारी,जगत राम ,प्रताप असवाल,नरेश बंगवाल ,रोहित शर्मा ,शिवम, पुष्पा पंवार,अमनदीप सिंह ,वीरेंद्र पंवार,सुभाष धीमान, आदि उपस्थित थे।

## एनएसएस और खेल विभाग ने एमबीपीजी में चलाया स्वच्छता अभियान

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
एमबीपीजी कॉलेज में मंगलवार को उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशों के क्रम में स्वच्छता सप्ताह के तहत एनएसएस और खेल विभाग की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया।
प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपा सिंह, डॉ. राकेश कुमार और खेल प्रभारी डॉ. सुरेंद्र कुमार ने भविष्य में स्वच्छता रखने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया।यहां छात्र संजय आर्य, दीक्षा कांडपाल, भरत सिंह, प्रियंका जोशी, अंजलि रावत, दिव्या कांडपाल, दीपक, मोहित बोरा, पायल आदि ने श्रमदान किया ।

# भारत 2047 तक बन जाएगा विकसित राष्ट्र : जनरल वीके सिंह

**-भारत के युवा विश्व का करेंगे नेतृत्व -रोजगार मेले में मिली नियुक्ति नौकरी नहीं राष्ट्र निर्माण का कदम**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा। भारत के युवा विश्व का नेतृत्व करेंगे। रोजगार मेले में मिली नियुक्ति नौकरी नहीं राष्ट्र निर्माण का कदम है।
मंगलवार को हाथीबड़कला स्थित सर्वे ऑफ इण्डिया, ऑडिटोरियम में छठवीं रोजगार मेला राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, भारतीय स्टेट बैंक की ओर से आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जनरल वीके सिंह (सेवानिवृत) राज्य मंत्री, सड़क परिवहन, राजमार्ग, एवं नागरिक उड्डयन और स्टेट बैंक के दिल्ली मंडल के महाप्रबंधक दिग्विजय सिंह ने मेले में 25 युवाओं और 123 शेष युवाओं को संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों को रोजगार प्रमाण पत्र सौंपे गये। कुल मिलाकर 16 संस्थानों से 148 युवाओं को रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र सौंपे गये।



इस मौके पर वीके सिंह ने कहा कि भारत का भविष्य युवाओं पर निर्भर है। 2047 तक विकसित राष्ट्र भारत बने इस दिशा में नरेन्द्र मोदी सरकार तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। भारत 6.5 की रफ्तार से अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है। जो विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। चीन, अमेरिका जैसे देश भी भारत से पीछे हैं।
उन्होंने कहा कि भारत ऐसे मुकाम पर खड़ा होगा जहां विश्व आपको देख रहा होगा। 2047 का भारत कैसा होगा, इस विषय पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2070 तक पृथ्वी पर यंग देश भारत होगा। दुनिया भर का काम भारत के युवा करेंगे।
उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में चारधाम से लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों के जाल के साथ रेल और हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने पर तेजी कार्य जारी है। काम पर परिणाम निर्भर करता है। आज रोजगार मेले में मिली नियुक्ति मात्र नौकरी नहीं राष्ट्र निर्माण का कदम है। रोजगार मेले के संकल्प को पूरा करना इन युवाओं की जिम्मेदारी विशेष अब बढ़ गई। निश्चित ही नियुक्ति पत्र मिलने से राज्य में पलायन कम होगा। उन्होंने बताया कि स्वरोजगार के लिए मुद्रा लोग 3 लाख करोड़ के करीब वितरित किया गया है, जिससे 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। देश में हवाई अड्डे 2016 तक 74 थे आज 148 हैं। लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लिए काम किया जा रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने सप्लाई और बढ़ाई

**देहरादून।** 2023 में कोडियाक के लॉन्च के तुरंत बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत के लिए लक्जरी 4गुणा4 एसयूवी का अतिरिक्त आवंटन करने की घोषणा की है, जिससे उपभोक्ताओं को एसयूवी की डिलीवरी कम समय में मिलेगी। नई कोडियाक को सबसे पहले 2022 में लॉन्च किया गया था। हालांकि, उस साल के लिए आवंटित की गई सभी कारों की बिक्री कुछ ही हफ्तों में हो गई। कंपनी ने एसयूवी की बढ़ती मांग की सराहना करते हुए भारत में 2023 के लिए एसयूवी की सप्लाई को और बढ़ाया। अब भारत स्कोडा ऑटो का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है और यह यूरोप के बाहर जर्मनी और चेक रिपब्लिक के बाद सबसे बड़ा बाजार है।

### आरबीआई की मौद्रिक नीति पर प्रतिक्रिया

**देहरादून।** केंद्रीय बैंक ने नीति दर और रुख दोनों को अपरिवर्तित रखते हुए यथास्थिति नीति पेश की। आरबीआई ने वृद्धि को लेकर उत्साहित रहना जारी रखा, अपने क्यू1 विकास पूवार्नुमान को 8 प्रतिशत तक संशोधित किया, जबकि अपने वार्षिक पूवार्नुमान को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा - जो कि 6-6.2 प्रतिशत के हमारे अनुमान से अधिक है। मुद्रास्फीति पर केंद्रीय बैंक ने भविष्य के प्रक्षेपवक्र पर सतर्क रहते हुए मुद्रास्फीति के दबावों में निकट अवधि में कमी को स्वीकार किया। केंद्रीय बैंक ने अपने मुद्रास्फीति के पूवार्नुमान को मामूली रूप से घटाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया और ऐसा लगता है कि मानसून के मौसम के दौरान मौसम संबंधी गड़बड़ी के कारण किसी भी खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी के लिए बफर में निर्माण किया जा रहा है।

### वित्त -वर्ष 2023 के लिये 344 करोड़ रुपये का बोनस मिला

**देहरादून।** रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड ने वित्त-वर्ष 2023 में अपने पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के लिये कुल 344 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त-वर्ष 2023 में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया और कर पश्चात लाभ के रूप में 108 करोड़ रुपये दिये (वित्त-वर्ष 2022 की तुलना में 65 प्रतिशत की वृद्धि)। इस घोषणा के अनुसार, 31 मार्च 2023 तक प्रभावी रिवर्सनरी बोनस वाली के साथ सभी पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीज को घोषित बोनस दिया गया है। यह रिवर्सनरी बोनस वाली पॉलिसीज के लिये मृत्यु और परिपक्वता पर गारंटीड फायदे बढ़ाएगा । बोनस की इस घोषणा पर अपनी बात रखते हुए, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेन्स के ईडी और सीईओ आशीष वोहरा ने कहा कि हमारा उद्देश? अपने सभी ग्राहकों को समृद्धि और मानसिक शांति देना है।

### रियलमी 11 प्रो सीरीज 5जी लॉन्च

**देहरादून।** भारत में सबसे भरोसेमंद टेक्नॉलॉजी ब्रांड और सबसे विश्वसनीय सेवा प्रदाता रियलमी ने अपनी फ्लैगशिप नंबर सीरीज में अपनी नई रियलमी 11 प्रो सीरीज 5जी की घोषणा की। इस लॉन्च के बारे में श्रीहरी प्रोडक्ट मैनेजर रियलमी इंडिया ने कहा हमारी रियलमी नंबर सीरीज को भारत एवं विश्व में हमारे ग्राहकों ने शुरू से ही काफी प्यार व स्नेह दिया है।

### विधायक मदन के कारण पार्टी के समक्ष आ सकता है बड़ा संकट : रूपेन्द्र प्रकाश

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन में संतों के दो गुटों में उत्पन्न हुआ विवाद बढ़ता ही जा रहा है। अखाड़ा के संतों ने बैठक कर जहां नगर विधायक मदन कौशिक के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया वहीं प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी से विधायक पर लगाम कसने की मांग की। साथ ही निष्कासित किए गए संतों से भी पंच परमेश्वर के फैसले को मानने और कोर्ट आदि से दूर रहने का अनुरोध किया गया। श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के संतों की एक बैठक अखाड़ा में हुई। इसमें निष्कासित संतों के साथ मिलकर अखाड़ा की आंतरिक व्यवस्था में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते हुए नगर विधायक मदन कौशिक के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।
इस अवसर पर अखाड़ा के महामण्डलेश्वर स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश ने जिन संतों को निष्कासित किया गया है, वह व्यवसायिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। इसके चलते उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

# कोटद्वार में 17 जून को लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर : ऋतु खंडूडी भूषण



**कोटद्वार (ऋषिकेश)/टीम एक्शन इंडिया**
। कोटद्वार में यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा के जुनून चैरिटेबल सोसाइटी के सहयोग से बहुत बड़े स्तर पर क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ पहुंचाने के लिए निशुल्क चिकित्सा जांच, परामर्श और दवा वितरण शिविर 17 जून को श्री गुरु रामराय पब्लिक स्कूल के परिसर में लगाया जा रहा है।
यह जानकारी उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने दी।
विधानसभा अध्यक्ष ऋतु ने क्षेत्र के लोगों से अपील भी की है कि 17 जून को अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंच कर स्वास्थ्य सेवा का लाभ लें। पिछले साल जून माह में भी विधानसभा अध्यक्ष के अथक प्रयासों से और यथार्थ हॉस्पिटल के सहयोग से कोटद्वार में वृहद स्तर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया था, जिसमे तीन हजार से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया था।
विधानसभा अध्यक्ष ने जानकारी दी है कि आयोजित स्वास्थ्य शिविर में यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा से 30 से अधिक डॉक्टरों की टीम बुलाई गई है, जिसमें नेत्र, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, शिशु रोग,नाक-कान-गला, दंत रोग, हड्डी रोग, मानसिक रोग, गला रोग, हृदय रोग, सामान्य रोग आदि के इलाज के लिये विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल होंगे। इस दौरान होम्योपैथी एवं आयुर्वेदिक डॉक्टर भी मौजूद रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएगी। इसके अलावा शिविर में मरीजों को परिवार नियोजन की जानकारी, शुगर, बीपी, यूरिक एसिड, ईसीजी, लीवर, किडनी लंग्स संबंधी जांच, एनसीडी से महिलाओं में विभिन्न प्रकार के होने वाले कैंसर की जांच की जाएगी। शिविर में एनसीडी-एण्ड टीबी स्क्रिनिंग, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण, डेंटल चेकअप, ब्लड जांच, ड्रग डिस्ट्रिब्यूशन काउंटर, स्क्रीन संबंधी बीमारी, मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण सहित कई अन्य स्टॉल लगाए जायेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि 17 जून को शिविर केंद्र में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अवश्य लें

## भोपाल के सतपुड़ा भवन में लगी आग को उत्तराखंड कांग्रेस ने बताया साजिश

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आग लगी मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित सतपुड़ा भवन में और धुंआ उत्तराखंड में उठ रहा है। मध्य की इस घटना को उत्तराखंड कांग्रेस भुनाने पर जुट गए हैं। करन माहरा का मानना है कि यह आग असामान्य आग है। इसके माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार ने अपने घपले घोटाले छुपाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव नजदीक आते हैं वैसे ही इस महत्वपूर्ण बिल्डिंग में आग लग जाती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार 2023 में ठीक चुनावों से पहले आग लगी है उसी प्रकार 2018 में भी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बिल्डिंग में आग लगने से कई विभागों की फाइलें जल कर नष्ट हो चुकी थी।

# 17 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली पुलिस ने देहरादून से ऋषिकेश अवैध शराब की तस्करी कर ले जायी जा रही 17 पेटी अंग्रेजी शराब सहित दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।
कोतवाली प्रभारी निरीक्षक केआर पांडेय ने बताया कि बस अड्डा ऋषिकेश के पास से एक टाटा इंडिगो कार रजिस्ट्रेशन नंबर यूके07 टीबी 0854 को रोककर चेक किया गया तो वाहन के अंदर से कुल 17 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई।
इसमें कार सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।
पकड़े गये अभियुक्तों की पहचान




अनुज नेगी निवासी नालापानी चौक गली नंबर 2 थाना डालनवाला देहरादून, मणिराम निवासी ग्राम मानवाला थाना मंडावर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

# उद्यान विभाग ने जिले में रखा 970 पॉली हाउस लगाने का लक्ष्य

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
उद्यान विभाग चमोली की ओर से संरक्षित और बेमौसमी खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाबार्ड की आरआईडीएफ योजना अंतर्गत जनपद में कलस्टर अवधारणा आधारित इस वित्तीय वर्ष में 970 पॉली हाउस लगाये जाने का लक्ष्य रखा है। मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत क्लस्टर और बाजार आधारित सब्जी, फूलों की खेती को प्रोत्साहित किया जाना है, जिससे एक ही स्थान पर विपणन के लिए एक ही फसल का पर्याप्त उत्पादन प्राप्त हो। इससे बड़े व्यापारियों को क्लस्टर स्तर पर मोलभाव के लिए आमंत्रित किया जा सके और बिचौलियों से बचा जा सके। किसान फसलों का उचित मूल्य प्राप्त कर सके।



उन्होंने बताया कि पॉली हाउस लगाने के लिए एक समूह में पांच कृषकों का होना अनिवार्य है, जिन्हें 10 पॉली हाउसों से लाभान्वित किया जाएगा। योजनांतर्गत प्रति क्लस्टर 25 पॉली हाउस और उससे अधिक पॉली हाउसों की स्थापना की जा सकती है। किसान योजना अंतर्गत 10 साल की लीज पर भूमि लेकर भी पॉली हाउस की स्थापना कर सकते हैं। साथ ही अपने संबंधियों के साथ समूह बनाकर पॉली हाउसों की स्थापना के लिए भी पात्र होंगे।
उन्होंने कहा कि योजनांतर्गत मैदानी क्षेत्रों में पांच सौ वर्ग मीटर एवं पर्वतीय क्षेत्रों में 50 वर्ग मीटर के पॉली हाउस अनुमन्य होंगे, पॉली हाउस निर्माण एवं रोपण सामग्री पहले वर्ष के लिए 80 फीसदी राज सहायता दी जायेगी। पॉली हाउस निर्माण के लिए संबंधित कृषक विभाग में पंजीकृत पॉली हाउस निमार्ता कंपनी से निर्माण कार्य करवाने के लिए स्वतंत्र होंगे। योजना का लाभ लेने के लिए समस्त किसान भाई निकटतम उद्यान सचल दल केंद्रों एवं जनपद मुख्यालय में संपर्क कर क्लस्टर आधारित आवेदन उद्यान विभाग की वेबसाइड पर जमा कर सकते हैं।

# उत्तराखंडः कंधे से कटकर अलग हुए हाथ को एम्स ऋषिकेश के चिकित्सकों ने जोड़ा

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला क्षेत्र में कंक्रीट मशीन में काम करते हुए एक व्यक्ति का हाथ कंधे से कटकर अलग हो गया था। इसके बाद उसके कटे हाथ को गीले, साफ कपड़े में लपेटकर आइस क्यूब कंटेनर में रखकर मरीज के साथ हेली एम्बुलेंस के माध्यम से एम्स ऋषिकेश पहुंचाया गया। आपात स्थिति में एम्स के ट्रॉमा विभाग के शल्य चिकित्सकों की टीम ने घायल व्यक्ति के कटे हाथ को जोड़ने की सर्जरी शुरू की और 5 घंटे की अथक मेहनत के बाद घायल को नया जीवन प्रदान करने में सफलता हासिल की। एम्स में भर्ती इस युवक का हाथ अब जुड़ चुका है और वह रिकवरी पर है। उत्तराखंड में इस तरह की यह पहली सर्जरी है, जिसमें शरीर से पूरी तरह अलग हो चुके हाथ को फिर से जोड़ा गया है।
पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला क्षेत्र से शरीफ अंसारी पुत्र कयामुद्दीन अंसारी को थैली में रखे उसके कटे हाथ के साथ 20 मई को हेलीकॉप्टर के माध्यम से एम्स ऋषिकेश पहुंचाया गया था। मशीन में काम करते वक्त उसका दाहिना हाथ कंधे से पूरी तरह अलग हो गया था और खून से लथपथ युवक के कंधे से लगातार रक्तस्राव हो रहा था। एम्स की ट्रॉमा इमरजेंसी में ड्यूटी पर मौजूद ट्रॉमा सर्जन डॉ. नीरज कुमार और डॉ. सुनील कुमार ने तुरंत रोगी को अनुकूलित कर ट्रॉमा सिस्टम को सक्रिय किया।



ट्रॉमा विभागाध्यक्ष डॉ. कमर आजम और प्लास्टिक सर्जरी विभाग के हेड डॉ. विशाल मागो के नेतृत्व में सर्जरी करने वाले चिकित्सकों की टीम ने 5 घंटे तक गहन सर्जरी प्रक्रिया करने के बाद घायल व्यक्ति के कटे हाथ को जोड़कर उसे विकलांग होने से बचा लिया गया। सर्जरी करने वाली टीम में ट्रॉमा विभाग के सर्जन डॉ. नीरज कुमार, डॉ. सुनील कुमार, प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. अक्षय कपूर और डॉ. नीरज राव सहित एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. रूपेश व डॉ. सचिन आदि शामिल रहे। ट्रॉमा सर्जन डॉ. नीरज ने बताया कि मरीज को ट्रॉमा आईसीयू में स्थानांतरित करने के बाद, उसके गुर्दे की विफलता को रोकने के लिए नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. शेरोन कंडारी ने बारीकी से मरीज की निगरानी की। ट्रॉमा विशेषज्ञों के अनुसार मरीज को अब कृत्रिम अंग लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और रिकवर होने के बाद उसके हाथ में 60 प्रतिशत तक सेंस आ जाएगा। वहीं मरीज ने इसके लिए एम्स ऋषिकेश का धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि एम्स के चिकित्सकों ने उन्हें नया जीवन दिया है।

6 घंटे हैं महत्वपूर्ण-
एम्स के ट्रॉमा विशेषज्ञों के अनुसार कटे अंग को सीधे बर्फ के संपर्क में न रखते हुए पॉलीथिन में रखना चाहिए। सीधे बर्फ के संपर्क में आने पर अंग गलने लगता है। कटे अंग को यदि 6 घंटे के दौरान जोड़ दिया जाए तो वह पहले की तरह काम कर सकता है चूंकि इस तरह के ऑपरेशन की तैयारी में समय लगता है, इसलिए मरीज को हर हाल में तीन घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**ऐसे जोड़ा गया हाथ-**
क्षतिग्रस्त प्रमुख रक्त वाहिकाओं की सफलतापूर्वक मरम्मत की गई और हड्डी को ठीक किया गया। इसके बाद फ्लैप को जुटाकर सर्जिकल साइट को कवर किया गया। इसके लिए ऑप्टिकल माइक्रोस्कोप, फ्लोरोस्कोपी आदि की आवश्यकता थी। कटे हुए हिस्से की नसों को विच्छेदित कर पहचाना और टैग किया गया। फिर धमनी और शिराओं की मरम्मत करके रक्त परिसंचरण को फिर से स्थापित किया गया। घाव का एक हिस्सा आसन्न मांसपेशी फ्लैप द्वारा कवर किया गया था। एक सप्ताह बाद, दूसरी सर्जरी कर घाव को साफ किया गया। प्रमुख नसों की मरम्मत की गई और शेष घाव को स्किन ग्राफ्टिंग से ढक दिया गया। इसके बाद नियमित ड्रेसिंग की जाती रही।

**समय पर काम आई हेली एम्बुलेंस सेवा-**
धारचूला क्षेत्र राज्य का सीमांत क्षेत्र है और नेपाल बॉर्डर से सटा है। सड़क मार्ग से धारचूला से एम्स ऋषिकेश तक पहुंचने में 24 घंटे के लगभग का समय लग जाता है। ऐसे में घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए हेली एम्बुलेंस सेवा वरदान साबित हुई।
हेलीकॉप्टर से तत्काल एम्स पहुंचने की वजह से कटा हाथ खराब होने से बच गया और घायल मरीज को नया जीवन मिल गया। प्रो. (डा.) संजीव कुमार मित्तल, चिकित्सा अधीक्षक, एम्स ने बताया किक्रिटिकल स्थिति में आए मरीज के कटे हाथ को फिर से जोड़ दिया जाना, हमारे ट्रामा सर्जनों का प्रशंसनीय कार्य है।

